दिनांक - 05/05/2020

Appointment

* भाँगड़ा :-

9 यह पंजाब का प्रसिद्ध लोक नृत्य है जो कि वीर रस प्रधान होता है। पुरुष और स्त्री दोनों के द्वारा ही यह नृत्य किया जाता है। इस नृत्य में प्रारंभ में लय धीमी होती है फिर धीरे-धीरे तेज होते हुए बाद में बहुत तेज हो जाती है, जिससे दर्शकों को आनंद मिलता है। इस नृत्य में हाथ और पैरों दोनों का संचालन विशेष ढंग से होता है। इसकी संगत में ढोलक, नगाड़ा आदि का प्रयोग किया जाता है।

10

11

12

1

* गिद्दा :-

2 यह नृत्य भी पंजाब का प्रसिद्ध लोक नृत्य है। यह नृत्य स्त्रियों द्वारा किया जाता है इस नृत्य का आयोजन मांगलिक अवसरों पर किया जाता है।

3

4

* गोफ नृत्य :-

यह महाराष्ट्र का लोकप्रिय एवं कलात्मक लोक नृत्य है। इसमें हाथ और पैरों का संचालन ही मुख्य होता है। इसमें मुख्यतः स्त्रियाँ एवं लड़कियाँ ही भाग लेती है। इस नृत्य में, एक कुन्दे में रंग-बिरंगी रस्सियाँ बाँधी जाती है तथा नीचे एक हाथ में रस्सी और एक हाथ में रस्सी और एक हाथ में डेढ़ फुट का डण्डा होता है जिसको गोफ बाँधने वाले लय से घूमते हुए एक विशिष्ट शैली की चोटीनुमा गोफ तैयार करते है।

5

6

24 Sunday

Today's Priority

* गौरीचा :-

यह महाराष्ट्र राज्य में किसानो का एक धार्मिक लोक नृत्य है। इस नृत्य में गौरी के प्रति श्रद्धा प्रकट की जाती है। नृत्य मण्डलियाँ घर-घर में घूमकर नृत्य करते है।

Scanned with CamScanner